हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 मई 2026

04 थाना कांटाफोड़ पुलिस की कार्रवाई, गिरोह का...



07 सरकारी स्कूलों की बदलती तस्वीर में अनुदेशकों...





## खबर संक्षेप

### कल आएंगे राज्यमंत्री खडसे

**नलखेड़ा।** राज्यमंत्री, युवा मामले एवं खेल, भारत सरकार रक्षा निखिल खडसे 20 मई को आगर-मालवा जिले के भ्रमण पर रहेगी। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्रीमती खडसे, इस दिन उज्जैन से प्रस्थान कर सायं 07.05 बजे नलखेड़ा आएगी और माँ बगुलामुखी के दर्शन-पूजन करेगी। तत्पश्चात इंदौर के लिये प्रस्थान करेगी।

### मधुमक्खी का हमला, पेड़ से गिरे वृद्ध की मौत

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम दमदम में दर्दनाक हादसा हुआ, आम तोड़ने पेड़ पर चढ़े बुजुर्ग पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों से बचने के दौरान बुजुर्ग पेड़ से नीचे गिर गया। गिरने और मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग की मौत हो गई। नलखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। नलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम दमदम में आम तोड़ने पेड़ पर चढ़े एक बुजुर्ग की मधुमक्खियों के हमले के बाद पेड़ से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग अपने खेत पर लगे आम के पेड़ पर आम तोड़ने चढ़े थे। इसी दौरान पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों से बचने के दौरान बुजुर्ग असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रात 12.00 बजे: दोराहा थाने में बजा 'माइक-1' का सायरन बजा

# आधी रात को 'माइक-1' की सक्रियता से पुलिस महकमे में मच गया हड़कंप

एसपी ने साफ निर्देश दिए कि चालान, मर्ग, लंबित अपराध और आम जनता की शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर होना चाहिए। कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से टेबल पर अटकी नहीं रहनी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जब पूरा जिला गहरी नींद में सोया हुआ था, तब पुलिस महकमे के वायरलेस सेट पर अचानक 'माइक-1' (पुलिस अधीक्षक का आधिकारिक वायरलेस कोड) की गूंज सुनाई दी। वायरलेस पर कप्तान की सक्रियता की खबर मिलते ही पूरे जिले के पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और पुलिसिंग को जमीन पर कसने के इरादे से नवागत पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना आधी रात के सन्नाटे में अचानक फील्ड पर उतरीं। उन्होंने रात 12 बजे से लेकर तडक़े 3 बजे तक जिले के तीन प्रमुख थानों का औचक निरीक्षण किया। कप्तान की गाड़ी को अचानक अपने-अपने थाना परिसरों में दाखिल होते देख वहां मुस्तैद अमला और थाना प्रभारी पूरी तरह चौंक गए।

### रात 12.00 बजेः दोराहा थाने में बजा 'माइक-1' का सायरन

एसपी सोनाक्षी सक्सेना के इस औचक दौरे की शुरुआत रात ठीक 12.00 बजे दोराहा थाने से हुई। थाने पहुंचते ही एसपी ने सबसे पहले सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं को खंगाला। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के सुचारु संचालन की जांच की और सीसीटीएनएस सिस्टम की स्थिति को बारीकी से देखा।

**गश्त बढ़ाने के निर्देश :** उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात्रि गश्त में तैनात बल पूरी तरह अलर्ट रहे। सडक़ों और संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जाए ताकि अपराधियों को सिर उठाने का मौका न मिले। इसके साथ ही पुराने लंबित मामलों को जल्द निपटाने की बात कही।

**रात 01.30 बजेः श्यामपुर थाने में कुंडली खंगाली :** दोराहा के बाद 'माइक-1' का काफिला रात डेढ़ बजे श्यामपुर थाना पहुंचा। यहां कप्तान का पूरा फोकस अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने वाले सिस्टम पर रहा। एसपी ने थाने की माइक्रो बीट सिस्टम प्रणाली की गहन समीक्षा की। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि थाना क्षेत्र के जितने भी असामाजिक तत्व और आदतन अपराधी हैं, उनकी हर एक गतिविधि पर पुलिस की चौबीस घंटे नजर होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने थाने के रिकॉर्ड, मालखाने और परिसर की साफ सफाई को देखा। एसपी ने लंबित अपराधों और थानों में जमा जब्ती माल का नियमानुसार व शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए।

### तड़के 03.00 बजेः इछावर थाने में दिखी नाराजगी

इस औचक निरीक्षण का सबसे कड़ा और अंतिम चरण तडक़े 3.00 बजे इछावर थाने में देखने को मिला, जहां अव्यवस्थाएं देखकर कप्तान का पारा चढ़ गया। इछावर थाने में फाइलों का रख-रखाव और शासकीय रिकॉर्ड का संधारण बेहद खराब और बिखरी हुई स्थिति में मिला। इस पर एसपी ने गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई और रिकॉर्ड को तत्काल सुव्यवस्थित करने का सख्त अल्टीमेटम दिया।

### केस पेंडेंसी पर कड़ा रुख

एसपी ने साफ निर्देश दिए कि चालान, मर्ग, लंबित अपराध और आम जनता की शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर होना चाहिए। कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से टेबल पर अटकी नहीं रहनी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



# जैन ने किया डीईओ का पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गत दिनों कलेक्टर द्वारा आगर जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौरभ कुमार जैन को सौपने के आदेश जारी किए गए थे। सोमवार को श्री जैन द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। सोमवार को सौरभ कुमार जैन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करने के पश्चयात श्री जैन का राज्य कर्मचारी संघ जिला आगर मालवा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सोनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा सहायक संचालक शिक्षा विभाग एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी आगर मालवा सौरभ कुमार जैन को अपने पदीय कर्तव्य के साथ जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार मय आहरण संवितरण के अधिकार आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से सौपे गए थे।

## शनि जयंतीः शनिदेव का तेलाभिषेक किया

**सीहोर ।** शनि जयंती पर मंदिर में सुबह से ही भारी भीड़ रही। भक्तों ने शनिदेव का तेलाभिषेक किया। सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। शनि जयंती पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय बढ़ियाखेड़ी के प्रसिद्ध शनि मंदिर पहुंचे। उन्होंने शनिदेव के दर्शन किए। उन्होंने किसी खास व्यवस्था का सहारा नहीं लिया। आम श्रद्धालुओं की तरह लाइन में खड़े रहे। पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने उनकी सादगी देखी। सहज व्यवहार की सराहना की। कई जनप्रतिनिधि वीआईपी व्यवस्था के तहत दर्शन करते दिखते हैं। राकेश राय आम भक्तों के बीच नजर आए। श्रद्धा के साथ पूजा की। राकेश राय ने विधि-विधान से पूजा की। प्रदेश और नगरवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी की पावन धरा पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 19 से 25 मई तक किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास श्री श्री 108 कोकिल पुष्पजी महाराज श्रीधाम वृंदावन अपने मुखारविंद से भक्तों को कथा का रसपान करवाएंगे। भागवत कथा के प्रथम दिन आज नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी।



नगर में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक अशोक कुमार यशराज खंडेलवाल परिवार है। जिनके स्व निवास शिवाजी चौराहा स्थित श्रीजी सदन के समीप प्रागंण में 19 से 25 मई तक दोपहर 1 बजे से राधे कृपा तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। भागवत कथा के प्रथम दिवस मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे चौक बाजार स्थित श्री चौथमलजी के राधा कृष्ण मंदिर से नगर में कलश यात्रा तथा भागवत जी की शोभायात्रा निकाली जावेगी। आयोजक श्री खंडेलवाल ने बताया कि ब्रह्मलीन प.पू. गुरुदेव श्री श्री 1008 रामजी बाबा कोकिल महाराज की दिव्या कृपा से भागवत कथा का यहां सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के दौरान 20 मई को परीक्षित जन्म, सुखदेव जी का आगमन, 21 को कपिल देवहुती, ध्रुव चरित्र, 22 को वामन अवतार, श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म का कार्यक्रम होगा।

23 मई को गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग का कार्यक्रम कथा स्थल पर होगा। 24 को कंस वध, रुक्मणी विवाह एवं महारास वर्णन, 25 को सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई, जरासंध वध, राज सूर्य यज्ञ के साथ कथा विश्राम तथा महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा । सात दिवसीय कथा के इस आयोजन के दौरान 21 मई को कथा स्थल पर खाटू श्याम जी का दरबार सजाया जाकर खाटू श्याम भजन संध्या कार्यक्रम रखा गया है। तथा 22 से 24 मई तक रात्रि 7:00 बजे से तीन दिवसीय रासलीला की प्रस्तुति श्री धाम वृंदावन द्वारा की जाएगी।

## नाबालिग लड़की का वर्ग विशेष के युवक ने बुरी नियत से हाथ पकड़ा

**नलखेड़ा।** एक नाबालिग लड़की का एक वर्ग विशेष के युवक द्वारा बुरी नियत से हाथ पकड़ा साथ ही शादी नही करने पर जान से मारने की धौंस दी गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुवे युवक के खिलाफ पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को एक नाबालिग लड़की ने शिकायत की कि मेरे नयापुरा वाले मकान में पूर्व में सोहेल उर्फ कालू पिता भुरू खां किराए से रहता था जिसके चलते मेरी उससे पहचान थी। आज से लगभग 6 माह पूर्व मैं स्कूल जा रही थी कि स्कूल के सामने सोहेल आया और बोला कि तू मुझसे शादी कर ले मेरे मना करने पर भी वह नही माना और 12 अप्रैल 26 को जब मैं दुकान पर अकेली थी सोहेल आया और बुरी नियत से हाथ पकड़कर बोला कि मैं शादी तुझसे ही करूंगा। थोड़ी देर में मेरे पिताजी आये तो उनसे बोला कि इससे मेरी शादी करवा दो अन्यथा तुम्हे और इसे दोनों को जान से मार दूंगा। जिसकी शिकायत मेरे पिताजी द्वारा पुलिस थाने पर की गई थी। शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को उसने मेरी मम्मी के नंबर पर फोन लगाया और मुझसे बोला कि तू मुझसे शादी नही करेगी तो तुझे बदनाम करूंगा और गाली गलौच भी की थी। इसकी भी शिकायत मेरे पिताजी द्वारा थाने पर की गई थी। शिकायत में बताया कि कल शनिवार शाम को फिर उसका फोन आया था जो मैंने नही उठाया। वह लगातार मुझे फोन पर शादी नही करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी सोहेल के खिलाफ धारा 74,75,78,351(3)' 351(4),332 (ग)बीएनएस एवं 7/8 पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी का परिवार निरंतर छात्रा और उसके परिवार को परेशान कर रहा था। जिसके कारण तीसरी बार पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सुरक्षा संहिता की धारा 126, 135, 170 में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अनुभाग सुसनेर अरूण चंद्रवंशी के समक्ष इस्तगासा पेश किया जहां से युवक को जेल भेजा गया था। अब आरोपी युवक के बड़े भाई सद्दाम ने छात्रा के पिता पर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से अनजाने नंबरों से फोन नंबर बदल बदल कर फोन करना शुरू दिया। जिससे परेशान होकर छात्र के पिता ने चौथी बार पुलिस में रिपोर्ट की । जिस पर पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सुरक्षा संहिता की धारा 126, 135, 170 में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अनुभाग सुसनेर अरूण चंद्रवंशी के समक्ष इस्तगासा पेश किया जहां से युवक के बड़े भाई को भी 7 दिवस के लिए जेल भेज दिया है।

# भीषण गर्मी से आमजन परेशान पारा 43 डिग्री के पार, बाजार में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नवतपा प्रारम्भ होने में अभी लगभग एक सप्ताह का समय शेष है लेकिन सूरज के तेवर बेहद तीखे हो गए है। पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। इस भीषण गर्मी एवं लू से आमजन परेशान हो रहे है। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसर रहा है। सूरज के तीखे तेवर के चलते सोमवार को नगर में तापमान 43 डिग्री को पार कर गया। सुबह से ही गर्म हवाएं (लू) चल रही थी जोकि रात्रि तक चलती रही। इस लू से बचने के लिए बाहर निकलने वाले नागरिक अपने पूरे शरीर को ढक कर निकल रहे थे। दोपहर के समय जब गर्मी अपने पूरे शबाब पर थी तब आलम यह था कि बाजारों में एकदम सन्नाटा छाया हुआ था। इक्का दुक्का लोग ही आते जाते दिखाई दे रहे थे। इस भीषण गर्मी में दिन के साथ साथ रात भी गर्म हो रही है। नागरिकों का कहना है कि इस गर्मी में पंखे तो वैसे ही गर्म हवा दे रहे थे अब कूलर भी जवाब देने लगे है।



### 10 साल में पहली बार पारा 46.3 डिग्री पर

**सीहोर ।** इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के रिकार्ड पर नजर डालें तो पिछले 10 साल में इतना तापमान कभी नहीं पहुंचा है। आगे भी तेज गर्मी की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। मानना है कि अभी कोई भी विक्षोभ (सिस्टम) एक्टिव नहीं है, जिसके कारण अभी तेज गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। लगातार तेज गर्मी के का आसर सामान्य जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि जब अभी इतनी गर्मी है तो फिर नौतपे में क्या होगा। इसलिए बनी ऐसा स्थिति आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इन दिनों कोई भी सिस्टम एक्टिव नहीं है, जिससे हवा में नमी की मात्रा बिल्कुल नहीं है। राजस्थान और गुजरात की ओर से आ रही गर्म हवा से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है।

## आवासीय परिसर के लिए जरूरी है मजबूत और संगठित समितिः विधायक सुदेश राय



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्रीसेंट रेजिडेंसी में रविवार को रहवासियों की समिति का गठन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदेश राय उपस्थित रहे। सर्व सहमति से सहवासियों के द्वारा कॉलोनी समिति का अध्यक्ष समाजसेवी सतीश सोनी को चुना गया।

विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम के दौरान हवासियों एवं नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक मजबूत और संगठित समिति किसी भी आवासीय परिसर के बेहतर संचालन एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति के माध्यम से समाज के नियम, व्यवस्थाएं एवं विकास कार्य और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किए जा सकेंगे। रहवासियों ने नई समिति के साथ मिलकर सुव्यवस्थित एवं बेहतर सोसायटी निर्माण हेतु कार्य करने का संकल्प लिया।

विधायक राय ने कहा कि क्रीसेंट रेजिडेंसी निरंतर आधुनिक सुविधाओं, सुरक्षित वातावरण एवं बेहतर सामुदायिक जीवनशैली के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। कॉलोनी के रहवासियों के द्वारा विधायक सुदेश राय का स्वागत किया गया।

## योजनाओं की प्रगति एवं राजस्व प्रकरणों की हुई समीक्षा

# समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष में समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी एवं अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने जिला प्रभारी मंत्री के निर्देशानुसार जिले में गठित की जाने वाली विभागीय समितियों का शीघ्र गठन कर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर सभी अधिकारी गंभीरता से कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय-सीमा में जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिले से संबंधित विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी गूगल शीट के माध्यम से शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि ह्लकृषक कल्याण वर्ष-2026ह्व के अंतर्गत कृषि रथ 16 मई से 25 मई तक जिले के ग्रामों में भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा भी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सांदीपनी विद्यालयों की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।



अपर कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लंबित प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को वर्षा जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। जिले में निर्मित सभी अमृत सरोवरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अपर कलेक्टर द्वारा लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अन्य लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखी जाए। बैठक में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत प्राप्त दावे एवं आपत्तियों को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पोर्टल पर दर्ज कर समय-सीमा में उनका निराकरण किया जाए। पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता एवं सावधानीके निर्देश भी दिए गए।

**खबर संक्षेप**

### नंदी प्रतिमा और शिवलिंग से तोड़फोड़, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**देवास।** बीएनपी परिसर में एक घर के सामने स्थापित नंदी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया और शिवलिंग के आसपास लगे कांच तोड़े गए। इस घटना के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी और समाजजन रविवार रात को बीएनपी थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विरोध स्वरूप हिंदू संगठनों ने थाना परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संगठनों ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़ी ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक दिनेश राठौर ने बताया कि बीएनपी परिसर में घर के बाहर स्थापित नंदी और शिवलिंग के साथ तोडफ़ोड़ की गई थी। बताया जा रहा है कि परिसर के अंदर चल रहे निर्माण कार्य से जुड़े कुछ लोगों द्वारा यह घटना किए जाने की आशंका है। बीएनपी पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए शाहरूख और सेजू निवासी झोकर, मक्सी जिला शाजापुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता को गीता भवन ट्रस्ट ने दी श्रद्धांजलि

**देवास।** शहर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गीता भवन ट्रस्टी हरि नारायण शर्मा (एडवोकेट) के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनके निधन से शहर के सामाजिक, धार्मिक एवं विधि जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वे वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शर्मा (एडवोकेट) के पिता तथा अरुणाभ शर्मा के दादा थे। शर्मा लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़े हुए थे तथा गीता भवन ट्रस्ट में उनकी सक्रिय भूमिका रही। गीता भवन देवास परिवार की ओर से महाप्रबंधक शरद तिलक राज ऋहेन सहित ट्रस्टीगण पहलाद अग्रवाल, अशोक खंडेलिया आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### एलएनटी कंपनी में पाइप चोरी का बड़ा खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

# थाना कांटाफोड़ पुलिस की कार्रवाई, गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन को किया गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से चोरी गए लोहे के पाइप और वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन सहित करीब 5 लाख रुपये का किया मशरूका जब्त।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांटाफोड़

थाना पुलिस ने एलएनटी कंपनी से लोहे के पाइप चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए लोहे के पाइप और वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन सहित करीब 5 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। मामले में चार अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 14 मई 2026 को फरियादी श्रवणकुमार बामनिया निवासी गुराडाकला थाना सिद्दीगंज जिला सीहोर ने एलएनटी कंपनी से पाइप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना कांटाफोड़ में अपराध क्रमांक 186/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी आराधना रायकवार ने विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास जांच, पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध आरोपी महाकाली ढाबा पूंजापुरा के पास मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रवि बंजारा निवासी ग्राम गादिया, लक्ष्मण पवार निवासी ग्राम कुण्डी थाना बलवाड़ा जिला खरगोन और धर्मेन्द्र विश्वकर्मा निवासी लखनपुरा जिला खरगोन को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने एलएनटी कंपनी के पाइप चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए लोहे के पाइप और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया गया। आरोपियों ने चोरी का माल कांटाफोड़ एवं पूंजापुरा के कबाड़ियों को बेचना भी स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक मामले में राजु अमोले, सूरज अमोले निवासी कांटाफोड़ तथा परवेज और रफीक निवासी पूंजापुरा फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

#### सराहनीय रही पुलिस टीम की भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी आराधना रायकवार, उपनिरीक्षक राजेश बारेला, प्रधान आरक्षक सुनील गोफनिया, रामबीर सिंह सोलंकी, यतीश तिवारी, सचिन चौहान, आरक्षक प्रकाश सोलंकी एवं संजय राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### नाबालिग को सकुशल निकाला ढूंढ

**सतवास।** नाबालिग बालिका विगत 02 दिवस से लापता थी। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन के मार्गदर्शन मे अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन मे थाना प्रभारी सतवास विक्रांत झांझोट के नेतृत्व मे पुलिस टीम लगातार मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर कर्तव्यरथ थी। पुलिस को अहम सूचना प्राप्त हुई कि उक्त नाबालिग बालिका को जिला देवास में देखा गया है। जिस पर तत्काल पुलिस के द्वारा विशेष टीम को रवाना किया गया है। उक्त टीम के द्वारा नाबालिग बालिका को सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# पुराने सिविल फाउंडेशन पर स्थापित किया गया अधिक क्षमता का कैपेसिटर बैंक

**उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के उज्जैन टेस्टिंग टीम के इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता और संसाधनों के बेहतर उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते 220 केवी सबस्टेशन चापड़ा में पुराने 5 एमवीएआर कैपेसिटर बैंक के सिविल फाउंडेशन पर ही नया 12 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत करने का एक उल्लेखनीय कार्य किया है। एमपी ट्रांसको उज्जैन के अधीक्षण अभियंता अनिल सक्सेना ने बताया कि इस चौथे कैपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद चापड़ा सबस्टेशन की कुल कैपेसिटर बैंक की क्षमता बढ़कर 48 एमवीएआर हो गई है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।सबस्टेशन में कैपेसिटर बैंक की स्थापना बिजली प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह सिस्टम में रिएक्टिव पावर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है, जिससे पावर ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होता है तथा पावर फैक्टर एवं वोल्टेज स्तर में सुधार होता है।इसके परिणामस्वरूप विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण बनती है, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज और गुणवत्ता पूर्ण बिजली आपूर्ति के रूप में प्राप्त होता है।

### शनि मंदिर पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**बागली।** इनरव्हील क्लब बागली द्वारा समय समय पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में क्लब अध्यक्ष श्वेता नाहर द्वारा विश्व शांति की कामना हेतु एवं सर्व मंगल हेतु शनेशचरी अमावस्या एवं शनि जयंती के पावन अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी क्लब सदस्य उपस्थित थे, सभी ने भाव भक्ति पूर्वक हनुमान जी की आराधना एवं सुंदरकांड का पाठ किया। अंत मे गरबा एवं प्रसादी वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।




# 20 मई को ऑनलाइन दवा बिक्री, भारी डिस्काउंट और नकली दवाओं के विरोध में केमिस्ट करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा




दवा व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को लेकर देशभर के दवा विक्रेताओं ने आगामी 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का ऐलान किया है। दवा व्यापार की सर्वोच्च संस्था ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर यह बंद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के करीब 12 लाख 40 हजार केमिस्ट शामिल होंगे।दवा व्यवसायियों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई बार मांगें रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे दवा व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।व्यवसायियों की प्रमुख मांगों में ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री पर रोक, दवाओं पर भारी डिस्काउंट की व्यवस्था समाप्त करना तथा नकली दवाइयों के कारोबार पर सख्त कार्रवाई शामिल है। संगठन का कहना है कि ये मांगें केवल दवा व्यापारियों के हित में नहीं बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी हैं।देवास डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद कोठारी, सचिव गिरधर गुप्ता, पूर्व संभागीय उपाध्यक्ष राजेश दुग्गड़, तहसील संयोजक बागली अमित गुप्ता, उदयनगर दौलत यादव एवं हाटपिपल्या उमेश कांठेड़ ने बताया कि क्षेत्र के सभी थोक एवं खुदरा दवा विक्रेता इस बंद में शामिल रहेंगे। साथ ही अस्पतालों में संचालित फार्मेसी भी एक दिन के लिए बंद रहेंगी।दवा व्यवसायियों ने आमजन से अपील की है कि वे बंद के दौरान सहयोग करें तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पहले से कर लें। उनका कहना है कि यह आंदोलन स्वस्थ और सुरक्षित दवा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# किलकारी अभियान के तहत स्वस्थ हुए 102 बच्चों के लिए अमलतास में हुआ पोषण वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की दिशा में जिला प्रशासन की पहल से संचालित किलकारी अभियान के अंतर्गत, अमलतास अस्पताल में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर कुपोषण को मात देकर स्वस्थ हुए 102 बच्चों को नवनीत कौर महिला बाल विकास एडी द्वारा बच्चों को विधिवत पोषण आहार वितरित किया गया एवं छुट्टी दी गई। इस अभियान के माध्यम से कुपोषण के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल की गई है, जहाँ चिकित्सकों और स्टाफ की कड़ी मेहनत से बच्चों के स्वास्थ्य स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। समारोह के दौरान बच्चों के शारीरिक विकास और पोषण की निरंतरता बनाए रखने के लिए उन्हें दलिया, चना, मूंगफली, गुड़ और ताजे फलों जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों के किट प्रदान किए गए। केवल बच्चों को आहार देना ही इस आयोजन का सीमित लक्ष्य नहीं था, बल्कि उनकी माताओं को भविष्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विस्तृत 'पोषण सूची' भी सौंपी गई। इस सूची के माध्यम से माताओं को संतुलित आहार और स्वच्छता के उन आवश्यक नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया, जिनका पालन कर वे अपने बच्चों को भविष्य में भी कुपोषण की चपेट में आने से बचा सकती हैं। प्रबंधन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि इन बच्चों की स्वास्थ्य निगरानी जारी रहे, जिसके लिए उन्हें हर 15 दिन के अंतराल पर नियमित चेकअप हेतु अस्पताल बुलाया जाएगा।

इस अवसर पर सीडीपीओ अधिकारी समीक्षा मोहनलाल अहिरवार, अमलतास अस्पताल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. रत्ना शर्मा सहित संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिकल छात्र, आशा सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में मौजूद माताओं ने इस पहल की सराहना की।

अमलतास सुपरस्पेशलिटी के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने अपने संदेश में कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बच्चों को केवल तात्कालिक रूप से स्वस्थ करना ही नहीं, बल्कि समाज से कुपोषण की पुनरावृत्ति को पूरी तरह समाप्त करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार के ठोस प्रयास बाल स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे और एक स्वस्थ समाज की नींव रखेंगे।

# तेंदूपत्ता तुड़ाई का सीजन: जंगलों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



आदिवासी अंचल में "हरा सोना" कहे जाने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण का तुड़ाई कार्य इन दिनों पूरे जोर-शोर से जारी है। सुबह होते ही श्रमिक रोजाना जंगलों की ओर तेंदूपत्ता तोड़ने निकल पड़ते हैं। संग्राहक बैलगाड़ी, दोपहिया वाहन आदि के माध्यम से जंगल पहुंचकर तेंदूपत्ता एकत्र करते हैं। घर लौटने के बाद पत्तों को व्यवस्थित जमाकर गड्डियां बनाई जाती हैं, जिन्हें शाम करीब 5 बजे गांव की फड़ पर जमा कर गिनती कराई जाती है।पूंजापुर रेंज अंतर्गत 53 फड़ केंद्रों पर संग्रहण कार्य संचालित हो रहा है। भीषण गर्मी और तपती लू के बीच भी श्रमिक लगातार मेहनत कर रहे हैं। जानकारी अनुसार लगभग 4 समितियों ने अब तक 50 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति कर ली है।पूंजापूरा फड़ में 4 लाख तेंदूपत्ता गड्डियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें केवल दो दिनों में ही 2 लाख 69 हजार पत्तों की गड्डियां जमा हो चुकी हैं। यहां 339 संग्राहक कार्य में जुटे हुए हैं। फड़ मुंशी मिथुन केवल, फड़ अभिरक्षक मोहन पंचोनिया तथा पालक अधिकारी मूलचंद भार्गव व्यवस्था संभाल रहे हैं।वहीं रेंजर सत्येंद्र ठाकुर लगातार फड़ों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पत्तों की गुणवत्ता और प्रत्येक गड्डी में 50 पत्तों की संख्या सुनिश्चित की जा रही है।

### नेमावर में भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ शुभारंभ

# कार्यकर्ताओं को संगठन और योजनाओं पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास






भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का शुभारंभ सोमवार को नेमावर स्थित जैन सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र तीर्थ मंदिर परिसर में हुआ। 18 एवं 19 मई को आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में संगठन, सरकार की योजनाओं और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।सत्र प्रारंभ होने से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की नींव का पत्थर होता है और कार्यकर्ताओं की ताकत ने भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है।प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।मोदी सरकार की उपलब्धियों और संगठन विस्तार पर हुई चर्चाप्रथम सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के इतिहास, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सोशल मीडिया की भूमिका, आत्मनिर्भर भारत, अंत्योदय और विकसित भारत जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।द्वितीय सत्र में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाल ही में स्वीडन द्वारा देश के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है।तृतीय सत्र में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसोदिया ने केंद्र सरकार की विकास, सुरक्षा और सुशासन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क, रेलवे, हवाई सेवाओं, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।इसके बाद भाजपा मंदसौर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे। छठे सत्र में शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक आशीष शर्मा, गायत्री राजे पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधि ने बढ़ाया प्रदेश का मान, सीबीएसई 12वीं में हासिल किए 98.2% अंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती, इसे बागली निवासी प्रतिभाशाली छात्रा विधि त्रिवेदी ने एक बार फिर साबित कर दिखाया है। राजस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रही विधि त्रिवेदी ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और देवास जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विधि की इस शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

उनकी सफलता पर प्रवीण चौधरी, डॉ. राजेश यादव एवं संतोष शर्मा ने छात्रा के निवास पहुंचकर सम्मान किया तथा पिता शैलेंद्र त्रिवेदी और माता प्रति त्रिवेदी को बेटी को मिली इस उल्लेखनीय सफलता पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश करने की मांग

**ललितपुर।** दीनान के आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश करने की मांग की है। प्राथमिक विद्यालय से लेकर जूनियर हाई स्कूल के सभी विद्यालय का अवकाश 20 मई से होने जा रहा है। अवकाश देकर आंगनबाड़ी केंद्र के छोटे-छोटे बच्चों को लू लगने के डर और भीषण गर्मी से बीमारी एवं गर्मी से राहत दिलाई जा सके क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्रों में न तो पंखा है, न लाइट है, न कूलर है न ही कोई व्यवस्था है जिससे छोटे-छोटे बच्चों को राहत मिल सके। इसलिए आंगनबाड़ी के कर्मचारियों ने स जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जिलाधिकारी से मांग की 20 मई से 10 जून तक का अवकाश घोषित करें। रविंद्र रावत जिला संरक्षक आंगनबाड़ी संघ आभा शर्मा जिला अध्यक्ष आंगनबाड़ी संघ मिथिलेश त्रिपाठी जिला महामंत्री आंगनबाड़ी संघ सुमन राजा अलोकता पाठक मीना राय सपना देवी रुक्मणी मौजूद रहीं।

### शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन की मांग

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक कंपनी बाग में जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तदोपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी सत्यप्रकाश को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा मित्रों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। बताया गया कि शासन द्वारा बेसिक शिक्षा निदेशक लखनऊ के आदेश के क्रम में 12 दिसंबर 2025 को शिक्षा मित्रों के स्थानांतरण एवं समायोजन के लिए शासनादेश जारी किया गया था, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। संगठन ने बताया कि महिला शिक्षा मित्रों से उनके ससुराल के नजदीक तथा अन्य शिक्षा मित्रों से उनके मूल विद्यालय में स्थानांतरण के लिए आवेदन मांगे गए थे, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से, जो स्थानांतरण समायोजन समिति के अध्यक्ष भी हैं, इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। इसके साथ ही शिक्षा मित्रों ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत शिक्षामित्रों को समय पर मानदेय न मिलने की समस्या भी उठाई। संगठन का आरोप है कि संबंधित विभागीय स्तर पर लापरवाही के कारण मानदेय भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे शिक्षामित्र आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस, सुदामा प्रसाद दुबे, बृजेश टोटे, अशोक परिहार, कुलदीप गोस्वामी, अंशू टोटे, मनु शर्मा, हाकिम पाल, राजेश विश्वकर्मा, रामकिशन, रामविलास निरंजन, दीपक तिवारी, राम नरेश दुबे, नीता पुरोहित, हरिओम शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

### एक दिवसी काउंसलिंग सेशन का आयोजन

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, के तत्वावधान में पहलवान गुरूदीन कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस, पनारी में एक दिवसीय काउंसिलिंग सेशन का आयोजन किया गया। संचालन कॉलेज की वन्दना सेन, असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा किया गया एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। नरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुदेशक द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही महाविद्यालय के नर्सिंग में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों को पूछकर उनका समाधान किया गया। कार्यक्रम में काउन्सलर डा प्रियम्वदा सारस्वत द्वारा कॉलेज के बीएससी नर्सिंग/जीएनएम पास, अंतिम वर्ष एवं पिछले 3 से 4 वर्ष के पासआउट छात्र/छात्राओं को जो विदेश में काम करने के इच्छा रखते हों वह रोजगार संगम पोर्टल पर भाषा ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। 5000-00 सिक्योरिटी डिपॉजिट 3 महीने नौकरी करने के बाद वापसी मिल जायेगी।

## जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने अनुदेशकों को बढ़े मानदेय के चेक दिए

# सरकारी स्कूलों की बदलती तस्वीर में अनुदेशकों की अहम भूमिका, अनुदेशकों का मान बढ़ाया

### लाइव प्रसारण में मुख्यमंत्री की घोषणा पर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा कलेक्ट्रेट भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



गांव के सरकारी स्कूलों में बच्चों को खेल, कला, तकनीक व शिक्षा से जोड़ने वाले अंशकालिक अनुदेशकों के चेहरों पर आज खुशी साफ दिखाई दे रही है। प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार करने पर ललितपुर में आज उत्साह का माहौल रहा।

समर्पित भाव से शिक्षण कार्य करने वाले अनुदेशकों का सम्मान-समाज का सम्मान समारोह में प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद के कलेक्टेट सभागार में अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े मानदेय वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ (राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन), विषिष्ट अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। वहीं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के अनुदेशकों को बड़े हुए मानदेय का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े मानदेय वितरण समारोह का प्रारम्भ मुख्यमंत्री के संबोधन के सजीव प्रसारण के साथ हुआ, इसके बाद अतिथियों द्वारा अनुदेशक मुकेश तिवारी, पुष्पेन्द्र निरंजन, अंजली कुशवाहा, नेहा सेनी, दीपक ववेले, कपिल त्रिपाठी को 17000 की धनराशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि अनुदेशकों के साथ पिछली सरकारों ने कोई उचित कदम नहीं उठाये, जिससे अनुदेशकों को लाभ मिल सके। हमारी सरकार ने अनुदेशकों के मानदेय की वृद्धि कर उनकों सम्मान जनक वेतन देकर उनको सम्मानित किया है।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि सरकार ने अनुदशकों के बिना किसी आन्दोलन के मानदेय में वृद्धि कर सम्मानित किया है, सरकार ने आप लोगों के कठिन परिश्रम को सम्मान जनक मानदेय देकर सराहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि अनुदशकों ने समयबद्धता और निष्ठा के साथ जो कार्य किया है उसका आज सरकार ने आपको सम्मान जनक मानदेय दिया है। अन्त में प्रशासनिक संदेश के रूप में जिलाधिकारी ने अनुदेषकों को बधाई देते हुए कहा कि शासन ने आपकी भावनाओं का सम्मान किया है, अब आप पूर्ण मनोयोग से निर्धन बच्चों के शैक्षिक उत्थान में अपना योगदान दें। आप लोग निर्धन बच्चों के साथ-साथ उनके परिवार को भी शिक्षित करने का कार्य कर रहे हैं, जिससे बच्चे और उनके परिवार व समाज का कल्याण हो रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह द्वारा समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका अभिलाषा चौधरी एवं न्योमीलाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गौरव शुक्ला, समर सिंह, जिला समन्वयक प्रदीप श्रीवास्तव, संजय तिवारी, राघवेंद्र सिंह, सुरजीत मौर्य, प्रशांत राजपूत एआरपी सिंघई विकास जैन, इंदर सिंह पटेल, उदयभान सिंह, राजेंद्र यादव, मनोज कुमार, संजय सेन, आदेष पुरोहित देषबन्धु नरवरिया, मनीष निरन्जन, मयंक पटेल, नवीन कुमार, आदित्य नारायण, योगेष कुमार, विकास राजपूत, भूपेन्द्र गोस्वामी, प्रदीप सेन, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

## ...तो आंदोलन की चेतावनी दी

# कटरा बाजार की बिगड़ी बिजली पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र कटरा बाजार में लगातार बिगड़ रही विद्युत व्यवस्था को लेकर व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

बार-बार ट्रांसफॉर्मर फुंकने, अघोषित बिजली कटौती और अस्थायी व्यवस्थाओं से परेशान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं जनप्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के समक्ष उठाईं। व्यापारियों का कहना है कि ललितपुर में स्थित बजाज एनर्जी प्लांट के पावर प्लांट में बड़े स्तर पर बिजली उत्पादन होने के बावजूद जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार महरौनी सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली कटौती आम समस्या बन चुकी है। व्यापारियों ने बताया कि कटरा बाजार में लगा 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर प्रतिदिन तीन से चार बार तक फुंक जाता है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। कई बार विभाग द्वारा अस्थायी ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल की जाती है, लेकिन यह व्यवस्था भी ज्यादा देर तक कारगर साबित नहीं हो रही। व्यापारियों का कहना है कि यदि विभाग यहां दो 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दे तो ओवरलोड और हीटिंग की समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने सड़क के बीच रखे अस्थायी ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर पर भी चिंता जताई और इसे सुरक्षा के लिहाज से खतरा बताया। साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। लोगों का कहना है कि कई बार कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत कार्य करते दिखाई देते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। स्मार्ट मीटर योजना को लेकर भी व्यापारियों और नागरिकों में नाराजगी देखने को मिली। उनका आरोप है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जबकि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा। मामले को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मुख्य अभियंता के.पी. खान से बातचीत कर कटरा बाजार सहित जनपद की विद्युत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

# सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया

**ललितपुर।** राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. रवि पचौरी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा इसके नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायों को समुदाय तक पहुँचाना था। उच्च रक्तचाप हृदय रोग, स्ट्रोक तथा गुर्दे संबंधी बीमारियों का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्यों, इंटर्न्स एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए नियमित रक्तचाप जांच, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार एवं तनाव प्रबंधन के महत्व पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। प्रिंसिपल डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने उच्च रक्तचाप की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित करने का परामर्श दिया एवं प्रतिभागियों को नमक के सेवन में कमी, ऊअरळ आहार पद्धति अपनाने, नियमित व्यायाम करने, तंबाकू एवं मद्यपान से बचने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही उच्च रक्तचाप की शीघ्र पहचान एवं समय पर उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. रवि पचौरी ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च रक्तचाप को मूक हत्यारा कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण प्रारंभिक अवस्था में प्रायः दिखाई नहीं देते। उन्होंने समुदाय आधारित स्क्रीनिंग एवं जीवनशैली में सुधार को उच्च रक्तचाप नियंत्रण की दिशा में अत्यंत आवश्यक बताया तथा विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभाग, राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, की जनस्वास्थ्य संवर्धन, रोग निवारण एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक लेकर मोर्चा खोला

### बैलगाड़ियों और घोड़ों के साथ सड़कों पर उतरे सपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जन समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने सोमवार को अनोखे अंदाज में शक्ति प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बैलगाडियों और घोड़ों पर सवार सपाइयों ने हाथों में तख्तियां लेकर शहर में प्रदर्शन किया और बढ़ती महंगाई, बिजली-पानी संकट, किसानों की बदहाली एवं बेरोजगारी को लेकर सरकार को घेरा। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता तुवन चौराहे से चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार को जन विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश की जनता भीषण गर्मी में बिजली और पानी के संकट से त्रस्त है, लेकिन सरकार जमीनी समस्याओं से मुंह मोड़कर केबल प्रचार-प्रसार में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, खरीद केन्द्रों पर अव्यवस्थाएं हावी हैं और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य तक नहीं मिल पा रहा।

पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। वहीं नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को युवाओं के भविष्य के साथ धोखा बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अवैध शराब का कारोबार तेजी से बढ़ा है। गांव-गांव अवैध शराब से परिवार बर्बाद हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। अंत में सपाइयों ने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने तथा सरकार को जनहित के मुद्दों पर जवाबदेह बनाने की मांग की। इस दौरान महिला सभा की प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, राजकुमारी गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, शत्रुघ्न यादव, अभि जैन, व्यापार सभा प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह सलूजा, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी हरीसिंह यादव जिजयावन, अरशद मंसूरी, अशोक अहिरवार, परवेज पठान, अभिलाषा कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, मो.अनवर खान, रोहित राठौर, रामविलास रजक, विजय सिंह यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, राजेश यादव, रामदास श्रोती, इरशाद मंसूरी, रामनरेश यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, राहुल रजक नीलू, राजेश झा, प्रमोद इमलिया, बिटटू यादव, अरविंद परिहार, लखन यादव रोंडा, जय सिंह बरैना, हुकुम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, चन्दन सिंह पटेल, राममूर्ति तिवारी, मूरत सिंह यादव, प्रदीप सिंह निरंजन, संजय रजक, अनिल यादव, शैलेंद्र यादव, जितेंद्र पाली, आजाद यादव, महिपाल सिंह, राजेंद्र तोर, सुरेश यादव, सत्यम यादव, आकाश यादव, केहर सिंह, खिलान सिंह, यादवेन्द्र सिंह यादव, बृजेश यादव, ओमप्रकाश यादव, मु. अमन उद्दीन, जितेंद्र जोशी, यादवेन्द्र यादव, भरत यादव, अभि झा, भरत डोंगरा, रवि खटीक, दीपेश यादव, राघवेंद्र रजक तेरा, दीपक सेन, रोविन यादव, नरेंद्र कुशवाहा, रामराजा कुशवाहा, राजबिंद, विक्की रजक, श्रीराम नेताजी, माधव सिंह, महेंद्र झा महरौनी, आलोक, नसीम खान आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन

# हम चुनाव जीतने के बाद भी चुप नहीं बैठते बल्कि पुनः काम में जुट जातेः श्रंगिऋषि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी का जिला प्रशिक्षण वर्ग होटल में दूसरा समापन सत्र सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम प्रारंभ हुये सांतवे सत्र की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी रावत ने की एवं संचालन जिला मंत्री देवेन्द्र तिवारी ने की । इस सत्र में सोशल मीडिया के प्रदेश सह संयोजक हर्ष ने सोशल मीडिया और मीडिया प्रबंधन बिषय पर बोलते हुए कहा कि हमें मीडियाकर्मियों से बेहतरीन सम्बन्ध रखने की कोशिश करना चाहिए। अगले आठवें सत्र की अध्यक्षता वर्ग संयोजक बब्बू राजा बुन्देला ने की एवं संचालन महिला मोर्चा की बरिष्ठ नेता मनविंदर कौर ने किया।

इस सत्र में झांसी महानगर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्ग प्रभारी संजीव श्रंगिऋषि ने व्यवहारिक पक्ष विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह बिषय सरल भी है कठिन भी है कि हमारा व्यवहारिक पक्ष कैसा होना चाहिए। जैसे हम लोग चुनाव जीतने के बाद भी चुप नहीं बैठते वल्कि पुनः काम में जुट जाते हैं और पार्टी की रीतियों नीतियों का प्रचार प्रसार विभिन्न तरीकों से करते रहते हैं।इसी तरह नोवें सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा नझाई ने किया और संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया ने किया। इस सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने विचार परिवार बिषय पर बात रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सम्बंधित विभिन्न संगठन हमारे विचार परिवार में आते हैं।

दशम सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास ने की एवं संचालन जिला महामंत्री रजनी अहिरवार ने किया।इस सत्र में मुख्य अतिथि माधोगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन बिषय सरकार की गरीब कल्याण योजना और संगठन की भूमिका पर विचार रखते हुए कहा कि हमारे प्रेरणा पुंज पं दीनदयाल उपाध्याय जी का पवित्र भाव अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी ले जाने की थी । इसी को आधार मानकर हमारे प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास,शोचालय, निशुल्क राशन आदि देकर अन्त्योदय को सजीव रुप देने का काम किया।इसी तरह उ प्र में भी सुकन्या योजना, मुख्य मंत्री कन्या सामुहिक विवाह योजना के माध्यम से गरीब कल्याण योजना का काम हो रहा हैं। कार्यक्रम का समापन ग्यारहवां सत्र की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री हरीराम लोधी ने किया। इस सत्र में देश के समक्ष चुनौतियां/नैरेटिव बिषय झांसी ललितपुर के यशस्वी सांसद पं अनुराग शर्मा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प हरिश्चन्द्र रावत एवं बरिष्ठ नेता वर्ग प्रभारी बब्बू राजा बुंदेला के निर्देशन में सम्पन्न हो रहा है। सत्र की शुरुआत में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने इस वर्ग के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया इसके बाद पूर्व सांसद स्व पं विश्वनाथ शर्मा का राजनैतिक परिचय दिया। सत्र में मुख्य अतिथि सांसद पं अनुराग शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या हमारे सामने देशी विदेशी ताकतों द्वारा और कभी विपक्ष के द्वारा सैट किये गये नैरेटिव से लड़ना होता है ।इस समय सारे देश में विभिन्न प्रदेशों में सारी सीमाएं सील हैं लेकिन पश्चिमी बंगाल की सात सौ कि मी सीमा खुली हुई थी जो अब भाजपा सरकार बनने के बाद सील किया जाना हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता का भी यह कर्तव्य है वह आम जरुरी समस्याओं पर भी नजर रखे और समाधान करने की कोशिश भी करे।

### बाइक चोरी गई

**ललितपुर।** शहर के तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे मेले में उस समय हड़कंप मच गया, जब मेला देखने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा पुलिस को दे दी गई है। मोहल्ला तालाबपुरा, डोंडाघाट निवासी शंकर साहू पुत्र स्व.मथुरा प्रसाद साहू अपने परिवार के साथ मेला देखने तुवन मंदिर ग्राउंड पहुंचे थे। उन्होंने अपनी डीलक्स बाइक संख्या यू.पी. 94 एम 3929 ग्राउंड के बाहर खड़ी कर दी और परिवार सहित मेला देखने अंदर चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी।

## विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में चमकी इशिका करौसिया

# बॉक्सिंग में मंडल स्तर पर जीता कांस्य पदक



**ललितपुर ।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बबीना की छात्रा इशिका करौसिया ने मेरठ में आयोजित मंडल स्तरीय केंद्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

इशिका करौसिया, जो बीएचईएल क्षेत्र निवासी अमित करौसिया की पुत्री हैं, ने दमदार खेल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दी। कठिन मुकाबलों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बॉक्सिंग स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों एवं सहपाठियों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा भी इशिका को लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इशिका की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी मेहनत और लगन ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। इशिका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने भी गर्व व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि वह भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और देश का नाम रोशन करेंगी। कांग्रेस के पूर्व झांसी मंडल प्रवक्ता राजेन्द्र शर्मा, एडवोकेट, हरवंश लाल, प्रकाश जैन,हरि मोहन पटेरिया,राम भरोसे पेन्टर, बीरेन्द्र यादव, अशोक सैन पत्रकार, हनीफ खान आदि ने बधाई दी।

## श्रद्धांजलि सभा बनी समाज सुधार का मंच, जन जागरण किया

# मृत्यु भोज की कुप्रथा पर प्रहार, देहदान व रक्तदान का संकल्प लिया





**ललितपुर।** ग्राम बिरधा में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा उस समय सामाजिक चेतना, जनकल्याण और समाज सुधार का बड़ा मंच बन गई, जब स्व.अरविन्द साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ खुलकर आवाज बुलंद की गई। ग्राम प्रधान अनीता साहू के पति स्व.अरविन्द साहू की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, रक्तदान, अंगदान और देहदान जैसे विषयों पर व्यापक जनजागरण किया गया। शुभारंभ सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद एवं सीएचसी बिरधा सीएचएस डा.छत्रपाल सिंह द्वारा स्व.अरविन्द साहू के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चंद्र साहू ने कह, दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी है, जब उसकी स्मृति समाज के लिए प्रेरणा बने। मृत्यु भोज जैसी कुरीतियां गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बनती हैं। समाज को इन परंपराओं से उठकर रक्तदान, अंगदान, देहदान, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा जैसे कार्यों को अपनाना चाहिए।

### मृत्यु भोज पर खुलकर बोला हल्ला

सभा में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने मृत्यु भोज जैसी परंपरा को सामाजिक और आर्थिक बोझ बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि किसी परिवार में मृत्यु होने के बाद दुख की घड़ी में भी दिखावे और सामाजिक दबाव के कारण परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। ऐसे में अब समय आ गया है कि समाज इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करे और शोक के समय सादगी एवं संवेदनशीलता को अपनाए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी मृत्यु भोज का बहिष्कार करने और समाज में इस विषय पर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

### आईडी पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले चार गिरफ्तार

**20 लाख रुपए के ऑनलाइन लेन-देन का हिसाब मिला**

# गोवंश नशा और ऑनलाइन सट्टा के अपराधियों को पकड़ा

**अपराधों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस की बड़ी कार्रवाई 3 लाख 15 हजार के कीमती मोबाइल जब्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर




पुलिस ने अब अपराधियों पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि कई दिनों से सारंगपुर गोवंश नशा तस्करी ऑनलाइन सट्टा जैसे अपराध में जमकर फल फूल रहे थे। क्या इस पर पहले पुलिस की निगाह नहीं थी या फिर पुलिस कार्रवाई नहीं करना चाहती थी पुलिस कप्तान अमित तोलानी के दिशा निर्देश पर हाल ही में पदस्थ नवागत थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने एक माह के अंतराल में बड़ी कार्रवाई की जिसमें बीते दिनों गोवंश के अपराधी पकड़े गए।

इसी के साथ नशा तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया और कार्यवाही की चर्चा ठंडी भी नहीं हुई थी कि पुलिस ने फिर बीती रात ऑनलाइन सट्टा अपराधियों को गिफ्तार किया। रविवार को पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी किया कि ऑनलाइन सट्टा एवं आईपीएल सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये कीमत के मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

#### ऑनलाइन गेम में सट्टा लगवाने की मिली सूचना

थाना प्रभारी सारंगपुर को 17 मई को फरियादी द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक 4 निवासी निलेश चैहान एवं जीतू चैहान आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से तीन मोबाइल फोन एवं करीब एक लाख रुपये की सट्टा राशि जब्त की। जब्त मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 3 लाख 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस जांच में मोबाइलों में करीब 20 लाख रुपये के ऑनलाइन लेन-देन का हिसाब भी मिला है।

#### लीमाचौहान पुलिस थाना क्षेत्र से भी दो सटोरिया पकड़ाए

इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पाडल्यामाता रोड के ग्राम दिग्वाड निवासी दीपक पिता सोदान सिंह एवं संजय पिता गोपाल प्रसाद राठौर निवासी लीमाचैहान को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी मोबाइल के माध्यम से सट्टा वेबसाइट और आईडी के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। इनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 5 हजार रुपये बताई गई है।

#### इनका कहना है...

आरोपी लोगों को आईडी उपलब्ध कराकर तथा स्वयं की आईडी से ऑनलाइन सट्टा खिलाकर अवैध लाभ कमा रहे थे। जिसके आधार पर सभी को गिरफ्तार किया है, जिले में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

-राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी सारंगपुर।

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे

# पर्यावरण बचाने की कवायद 5 जून से पहले जिलेभर में होंगी 30 बैठकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को लेकर अब जनजागरण अभियान शुरू किया जा रहा है। रविवार को सारंगपुर-पचोर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिलेभर में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से पहले राजगढ़ जिले के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 30 से अधिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, वृक्षारोपण और बढ़ते तापमान के दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।अभियान का समापन 5 जून को राजगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने के साथ होगा। ज्ञापन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जनसंख्या नियंत्रण जैसे मुद्दों पर प्रभावी कदम उठाने की मांग की जाएगी। बैठक में इंदौर हाईकोर्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए नियुक्त एडवोकेट मनीष विजयवर्गीय ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरी दुनिया के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। यदि समय रहते लोग जागरूक नहीं हुए तो आने वाले वर्षों में जल संकट, तापमान वृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं और विकराल रूप ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के पीछे लगातार बढ़ती जनसंख्या भी एक प्रमुख कारण है। जब तक जनसंख्या नियंत्रण को लेकर ठोस कानून और सामाजिक जागरूकता नहीं बढ़ेगी, तब तक प्रकृति को सुरक्षित रखना कठिन होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी धर्म या राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन को बचाने की जिम्मेदारी से जुड़ा प्रयास है। बैठक में मौजूद लोगों ने ग्रामीण स्तर तक जागरूकता फैलाने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ने की बात कही।

## शनिचरी अमावस्या पर नवग्रह शनिदेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**तेल अभिषेक, पूजन एवं आरती में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के आवास कॉलोनी स्थित छापीहेड़ा-पचोर मार्ग के समीप नवग्रह शनिदेव मंदिर में शनिचरी अमावस्या शनि जयंती के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं अभिषेक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस वर्ष शनि जयंती एवं शनिचरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग के साथ ही दिन भी शनिवार को होने से पर्व का महत्व और श्रद्धा भाव श्रद्धालु में अधिक बढ़ गया। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। ग्रीष्म ऋतु के तेज प्रभाव के बावजूद मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। जहां पर मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण कार्य चलता रहा। मंदिर में शनिदेव महाराज का तेल अभिषेक, विशेष पूजन, मंत्रोच्चार एवं महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर संचालन समिति के सदस्यों ने बताया कि दिनभर भक्तों ने शनिदेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान प्रातः मुख अजमान के रूप में नंदराम मालाकार ने अभिषेक किया।

### स्वच्छता अभियान चलाया

# युवाओं ने कपिलेश्वर घाट पर की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सामाजिक संस्था "संकल्प सेवा परिवार" द्वारा प्रत्येक रविवार को संचालित सेवा एवं स्वच्छता अभियान को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में रविवार को संस्था का दसवां सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे संस्था के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में जुड़े युवाओं ने कपिलेश्वर घाट और कालीसिंध नदी क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान घाट परिसर एवं नदी किनारे फैली गंदगी, प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। दसवें सप्ताह में युवाओं की बढ़ती सहभागिता ने इस अभियान को सामाजिक जनआंदोलन का स्वरूप देना शुरू कर दिया है। उपस्थित युवाओं ने नियमित रूप से सेवा कार्यों में सहभागी बनने का संकल्प भी लिया।इसके पश्चात प्रातः 7 बजे संस्था के सदस्यों ने शासकीय अस्पताल पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों को निःशुल्क "हेल्दी ओट्स" नाश्ते का वितरण किया। यह सेवा कार्य पतंजलि के सहयोग से संपन्न हुआ। संस्था के सदस्यों ने बताया कि अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए पौष्टिक नाश्ता वितरण का यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि "संकल्प सेवा परिवार" का उद्देश्य केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता की भावना विकसित करना भी है। लगातार दस सप्ताह से बिना रुके चल रहे इस अभियान की नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। इस अवसर पर संस्था से जुड़े अनेक युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवाभावी नागरिक उपस्थित रहे।

### दुर्गानगर चौराहे पर शराब कंपनी की गाड़ी और बस में हुई थी टक्कर

**मरीजों में मची अफरा-तफरी अस्पताल का सामान भी तोड़ा**


# रात 3 बजे अस्पताल में पुरानी रंजिश पर चाकूबाजी, तोड़फोड़ और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला अस्पताल में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। लाठी-डंडे और चाकू का इस्तेमाल हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया।

अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई। यह विवाद तब शुरू हुआ जब दुर्गानगर चौराहे के पास शराब कंपनी की गाड़ी और चार्टर्ड बस के बीच हुए एक सड़क हादसे में घायल कुछ युवकों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। अस्पताल में मौजूद दूसरे पक्ष के लोगों ने उन्हें पहचान लिया और पुरानी दुश्मनी फिर से भड़क उठी। फरियादी गीते अहिरवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अक्षय जैन पिता सुनील कुमार जैन उम्र 27 वर्ष निवासी शेरपुरा सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार पर केस दर्ज



विदिशा। झगड़े के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।

#### लाठी-डंडे और चाकू लेकर अस्पताल में घुसे बदमाश

रात करीब 3 बजे दूसरे पक्ष के कई लोग जिला अस्पताल पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि अस्पताल परिसर में लाठी-डंडे चलने लगे और चाकूबाजी शुरू हो गई। इस अचानक हुए खूनी संघर्ष से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई, और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। मारपीट के दौरान जिला अस्पताल में तोड़फोड़ भी की गई। उपद्रवियों ने अस्पताल के कंप्यूटर सिस्टम सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना से साफ जाहिर होता है कि उपद्रवियों और बदमाशों को अब पुलिस का जरा भी खौफ नहीं बचा है।

#### चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

जिला चिकित्सालय के आरएमओ पीसी मांझी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने पुष्टि की कि कुछ लोग आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे, जिनके हाथ में चाकू भी थे। इस दौरान अस्पताल के कंप्यूटर को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने सिविल सर्जन को घटना की जानकारी दे दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ चाकूबाजी, अड़ीबाजी और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ग्रांट मिली: एसएटीआई कॉलेज के कर्मचारियों को मिल सकेगा वेतन

**विदिशा।** सात महीने से वेतन न मिलने से परेशान एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों को राहत मिली है। एसएटीआई को ग्रांट मिल गई है। जिससे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है और अब उनकी वेतन और भत्तों का भुगतान हो सकेगा। इस राशि से निदेशक सहित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों के वेतन-भत्तों और लंबित देयताओं का भुगतान किया जाएगा। एसएटीआई के कर्मचारियों ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया का अभार व्यक्त करते हुए कर्मचारियों का कहना है कि सिंधिया के प्रयासों और मार्गदर्शन से शासन स्तर पर सकारात्मक निर्णय संभव हो सका। 15 मई को आयोजित कार्यक्रम में महाराज जीवाजीराव एज्युकेशन सोसाइटी के के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर एवं संचालक डॉ. वायके जैन का सम्मान किया गया। कर्मचारियों ने भविष्य में भी संस्था की निरंतर प्रगति का विश्वास जताया।

### 194 किमी सड़कों की स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री को भेजा पत्र

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर विदिशा और गंजबासौदा क्षेत्र की सड़कों की स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिले की 236.69 किमी लंबी सभी सड़कों का प्रस्ताव पूर्व में जिला पंचायत की सामान्य सभा से सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। साथ ही शेष तीन विधानसभाओं व चार जनपदों की 194.56 किमी सड़कों (लागत 145.92 करोड़ रुपए) को भी शीघ्र केंद्रीय मंजूरी देने का अनुरोध किया है।

# नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**23 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप**



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नीट प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक मुद्दे पर शनिवार रात कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता माधवगंज पर एकत्रित हुए। वहां से मशाल जुलूस लेकर मुख्य मार्ग से तिलकचौक पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टर की डिग्री बिकाऊ है और पेपर लीक बंद करो जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी ने मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले से करीब 23 लाख विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्ध जांच और एग्जाम माफिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## मुख्यमंत्री के 21 को नगर आगमन को लेकर नगर परिषद ने तैयारियां शुरू कर दी

**लंबे समय से बनी समस्या अल्प समय में हल यह राहगीरों का सौभाग्य**

# मुख्यमंत्री के नगर आगमन से पहले जागी नगर परिषद, मुख्य मार्गों पर शुरू किया गया पेचवर्क पाइप लाइन भी सुधार रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री का 21 मई को नगर आगमन को लेकर नगर परिषद द्वारा शहर में युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। लंबे समय से बदहाल पड़े मुख्य मार्गों पर अब पेचवर्क कार्य कराया जा रहा है तथा जगह-जगह लीकेज पाइप लाइनों की मरम्मत भी की जा रही है। नगर के इंदर चैराहा से उत्कृष्ट विद्यालय एवं हायर सेकंडरी स्कूल मार्ग तक लंबे समय से सड़क पर गड्ढे, पाइप लाइन लीकेज और बहते पानी की समस्या बनी हुई थी। कई स्थानों पर नलों में टोंटी नहीं होने से पानी लगातार बहता रहता था, जिससे सड़कें खराब हो चुकी थीं।

#### सड़कों के पेंचवर्क से राहगीरों को मिलेगी राहत

लीकेज पाइप लाइन और बारिश और गंदे पानी से भरे गड्ढों के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसे में राहगीरों के कपड़े भी इस पानी की वजह से गंदे हो जाते थे एवं आपस में कहा सुनी की नौबत्त भी आ जाती थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार शिकायतें एवं समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद नगर परिषद द्वारा लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थिति यह थी कि सड़क पर भरे गंदे पानी के छींटे राहगीरों के कपड़ों पर गिरते थे और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था।

#### मुख्यमंत्री के दौरे के चलते नगर परिषद की सक्रियता बढ़ी

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए नगर परिषद की सक्रियता बढ़ी है। इंदर चैराहा से आवास रोड एवं स्टेडियम मार्ग तक गड्ढों का पेचवर्क कराया जा रहा है तथा लीकेज पाइप लाइनों को सुधारा जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री का आगमन नगर के लिए शुभ संकेत साबित हो रहा है, क्योंकि वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की शुरुआत अब दिखाई देने लगी है। यह राहगीरों का सौभाग्य हैं।

#### नवीन हाट बाजार में उतरेगा हेलीकॉप्टर

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में उतरेगा, जहां से वे खिलचीपुर नाका, इंदर चैराहा एवं आवास रोड होते हुए आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम पहुंचेंगे। जहा विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि पूर्व में भी इंदर चैराहा क्षेत्र में केवल औपचारिकता के तौर पर पेचवर्क किया जाता रहा, जो कुछ ही समय में उखड़ जाता था। लेकिन इस बार नागरिकों को उम्मीद है कि स्थायी समाधान किया जाएगा। ताकि आम राहगीरों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। यही नहीं संभावना बतौर मुख्यमंत्री का आगमन इंदर चैराहा से आवास हटीले हनुमान मंदिर तक डामरीकरण कार्य भी हो सकता है जो अलाउद्दीन का चिराग साबित होगा।